2022

HINDI

Paper : HIN–RG–6016

(तुलनात्मक भारतीय साहित्य : असमिया कहानी)

(Regular Generic)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दस** के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) असमिया कहानी के जनक कौन हैं?

(ख) 'मने मने' कहानी की कहानीकार कौन हैं?

(ग) शरतचंद्र गोस्वामी की कहानियों से अनुभूत मूल रस क्या है?

(घ) सौरभ कुमार चलिहा का वास्तविक नाम क्या है?

(ङ) 'मधुपुर बहुदूर' किस शैली में लिखी गई कहानी है?

(च) फेलबाबू कौन-सी कहानी का पात्र है?

(छ) 'ढोरा साँप' किस श्रेणी की कहानी है?

(ज) पहली असमिया कहानी का नाम क्या है?

(झ) होमेन बरगोहाञि की कहानियों की कोई एक विशेषता लिखिए।

(ञ) हलिराम डेका के किसी एक कहानी-संग्रह का नाम बताइए।

(ट) 'केराणीर कपाल' कहानी के मुख्य पात्र का नाम क्या है?

(ठ) रामधेनु युग के किसी एक कहानीकार का नामोल्लेख कीजिए।

(ड) सैयद अब्दुल मलिक द्वारा रचित किसी एक कहानी-संग्रह का नाम लिखिए।

(ढ) जानेकी किस कहानी की पात्र है?

(ण) पुरबी बरमुदै की कहानी-कला की कोई एक विशेषता लिखिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) लक्ष्मीनाथ बेजबरुवा द्वारा रचित किन्हीं दो कहानी-संग्रहों के नाम लिखिए।

(ख) आवाहन युग के किन्हीं दो कहानीकारों के नाम बताइए।

(ग) स्नेह देवी की कहानियों की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(घ) योगेश दास को कब और किस पुस्तक के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था?

(ङ) शीलभद्र का जन्म कब हुआ था और उनका वास्तविक नाम क्या है?

(च) हलिराम डेका की कहानियों की पृष्ठभूमि क्या है?

(छ) कहानी-रचना के क्षेत्र में सैयद अब्दुल मलिक किनसे प्रभावित थे?

(ज) महीचंद्र बरा की कहानियों की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'केराणीर कपाल' कहानी के संदेश पर प्रकाश डालिए।

(ख) "संसारत समय घौंरारे सैते चेकुरिब नोवारिले सि मानुहक पिछ पेलाइ गुचि याय।" संदर्भ एवं आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) "अवलीलाक्रमे मालती आरु आगबाढ़ि ग'ल, आरु देखा ग'ल एजनी राजनीति नुबुजा मानुहे अइन एजनी राजनीति नुबुजा मानुहर बुकुत निजर डेर महीया कैंचुवाटो तुलिए दिछे।" आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) "'नदराम' एक चरित्र प्रधान कहानी है।" इस कथन पर समीक्षात्मक टिप्पणी कीजिए।

(ङ) सैयद अब्दुल मलिक की कहानियों की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(च) 'पर्दा' कहानी की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए।

(छ) 'बीणा-कुटिर' कहानी के उद्देश्य का खुलासा कीजिए।

(ज) 'आवाहन युग' की कहानियों की प्रमुख विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

देहर गठन आरु बिभिन्न अंशर अवस्थान सम्पर्के सि सकलो ज्ञान आयत्त करिछे; देह काटि-कुटि भितरबोरो तन्न तन्नकै चाइछे। किन्तु सेइबोरर माजत भालपोवार स्थान निर्णय करिब नोवारि, सि तार एटा बेलेग मूल्यांकन करि थैछिल। प्रेम देहातीत बुलि सि बिश्बास करिब धरिछिल।

(ख) मनते निजेइ आवृत्ति करिले, "होछेन, चुलतानके बड़े भाइ।" किन्तु हाय! गाँवत हयतो एइ नाम परिचयेइ यथेष्ट ह'लहँतेन, किन्तु इ ये राजपुरी! इयात निर्धनीर, निमाषितर परिचयक'त? इयात मानुहक चिने धन-बितेरे, दीघल उपाधि, डाङर घर, डाङर पद-मर्यदारे।

प्रस्तुत अवतरण के संदर्भ एवं आशय पर सविस्तार प्रकाश डालिए।

(ग) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

राणिर सेइ आह्वानत निमंत्रण बा प्रत्याख्यान एको नाछिल। किन्तु तार माजेदिये ताइर यि परिचय फुटि ओलाल, अशोक येन तार बाबे साजु है थका नाछिल। एइ आलोक-सामान्य सौंदर्य, नारी देहर एइ परिपूर्ण महिमा, मानुहर पाशव बृत्ति चरितार्थ करिबर कारणे केइयाओ सृष्ट होवा नाइ, होवा उचित नहय।

(Continued)

(घ) कहानी के तत्त्वों के आधार पर 'मने मने' कहानी की विवेचना कीजिए।

(ङ) जोनाकी युग के कहानीकार के तौर पर शरतचंद्र गोस्वामी की कहानियों का मूल्यांकन कीजिए।

(च) चरित्र प्रधान कहानी की दृष्टि से 'मधुपुर बहुदूर' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(छ) 'नदराम' कहानी की लोकप्रियता के कारणों पर प्रकाश डालिए।

(ज) 'ढोरा साँप' कहानी की कथावस्तु की समीक्षा कीजिए।

(झ) 'तिनिचकीया गाड़ी' कहानी के नामकरण की सार्थकता पर विचार कीजिए।

(ञ) असमिया कहानी-साहित्य में लक्ष्मीनाथ बेजबरुवा का स्थान निर्धारित कीजिए।

★★★